प्रेस वार्ता

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–30.10.2023 (सं0–352)

गत दिनों कुख्यात अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी।		
क्र.सं.	**जिला/थाना**	**संक्षिप्त**
01.	शेखपुरा/ वाउघाट	➢ जिले के वाउघाट थाना अंतर्गत भारी मात्रा में विभिन्न बोर के कुल–3,210 (तीन हजार दो सौ दस) राउण्ड जिंदा कारतूस तथा 01 मोटरसाइकिल सहित 01 अपराधकर्मी रौशन सिंह गिरफ्तार।
02.	समस्तीपुर/ उजियारपुर	➢ जिले के टॉप–10 अपराधियों में शामिल कुख्यात अपराधकर्मी अर्जुन दास उर्फ करिया उर्फ कल्लु गिरफ्तार। ➢ दिनांक–27.10.23 को लूट की योजना बनाने के क्रम में जिले के उजियारपुर थाना अंतर्गत अर्जुन दास को गिरफ्तार किया गया।
03.	वैशाली/सदर	➢ मोटरसाईकिल लूट की घटना का सफल उद्भेदन, 04 अपराधकर्मी गिरफ्तार। ➢ दिनांक–25.10.2023 को सदर थाना अंतर्गत अज्ञात अपराधकर्मियों के द्वारा एक बाईक एवं 02 मोबाइल की लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। ➢ अग्रतर अनुसंधान के क्रम में घटना में शामिल 04 अपराधकर्मियों 01. रविन्द्र राय 02. विशाल कुमार 03. कृष्ण कुमार 04. लखिन्द्र कुमार को 02 देशी कट्टा, 04 जिंदा कारतूस तथा लूटी हुई बाईक के साथ गिरफ्तार किया गया।
04.	नालंदा/परवल पुर	➢ चोरी की ट्रक सहित अवैध आग्नेयास्त्र की बरामदगी। ➢ दिनांक–27/28.10.2023 की रात्रि में परवलपुर थाना अंतर्गत चेंकिग के क्रम में एक 407 टाटा ट्रक एवं एक मोटरसाइकिल पर सवार 02 व्यक्तियों को रोककर तलाशी के क्रम में एक अवैध देशी कट्टा, .315 बोर का 02 जिंदा कारतूस बरामद किया गया तथा कुल 03 अपराधकर्मियों 01. उपेन्द्र कुमार 02. रोहित कुमार 03. कृष्ण कुमार को गिरफ्तार किया गया। ➢ पूछताछ के क्रम में पकड़े गये तीनों अपराधकर्मियों के द्वारा बताया गया कि 407 टाटा ट्रक भी चोरी का है।
05.	बेगूसराय/ एफ0सी0आई	➢ अपराध की योजना बनाते 02 अपराधकर्मी अवैध आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार। ➢ दिनांक–28.10.2023 को जिले के एफ0सी0आई0 ओ0पी0 अंतर्गत 02 अपराधकर्मी 01. आजाद ठाकुर 02. अंश कुमार को 01 देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया गया।

06.	नवगछिया / खरीक	➢ अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, 04 अपराधकर्मी गिरफ्तार। ➢ दिनांक–25.10.2023 को जिले के खरीक थाना अंतर्गत ग्राम सुरहा में दिनेश शर्मा के घर पर छापामारी किया गया तथा तलाशी के क्रम में 04 अपराधकर्मियों 01. मो0 शाबिर 02. मो0 युसुफ 03. मो0 अब्दुल्ला 04. मो0 इम्तियाज को 01 लोडेड पिस्टल/भारी मात्रा में अर्द्धनिर्मित हथियार तथा अवैध हथियार बनाने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया।
07.	समस्तीपुर / रोसड़ा थाना	➢ दो सगे किराना व्यवसायी भाईयों के हत्याकांड का सफल उद्भेदन। ➢ करीब 10 दिन पूर्व जिले के रोसड़ा थानान्तर्गत दो सगे भाईयों के हुये हत्याकांड में समस्तीपुर पुलिस के द्वारा घटना में संलिप्त 02 अपराधकर्मियों 01. मनीष कुमार उर्फ अनिश कुमार 02. रोहित कुमार उर्फ बुच्चा को 02 पिस्टल, 05 जिंदा कारतूस, घटना में प्रयुक्त अपाची मोटरसाइकिल, हेलमेट, प्रयुक्त टोपी एवं 03 खोखा के साथ गिरफ्तार किया गया।
08.	पटना / रूपसपुर थाना	➢ लूट की योजना बनाते 04 अपराधकर्मी गिरफ्तार। ➢ दिनांक–26/27–10–2023 के रात्री में लूट की घटना की योजना बना रहे 04 अपराधकर्मीयों 01. विलियम्स उर्फ राहुल 02. सोनु कुमार उर्फ राहुल, 03. अभिषेक कुमार 04. कुन्दन साव को 02 देशी कट्टा, 05 जिंदा कारतूस तथा मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया गया।
09.	सीतामढ़ी / रून्नीसैदपुर थाना	➢ रंगदारी मांग कर दहषत फैलाने वाले 02 अपराधकर्मी गिरफ्तार। ➢ रून्नीसैदपुर थानांतर्गत दिनांक–18.10.2023 एवं दिनांक–25.10.2023 को अपराधकर्मियों के द्वारा मोबाइल से फोन करके एवं एस0एम0एस0 के माध्यम से मध्य विद्यालय दसई बालक के प्रधानाध्यापक से 5 लाख रूपये की रंगदारी की मांग करने एवं रंगदारी नहीं देने पर हत्या करने की धमकी की घटना प्रतिवेदित हुई थी। ➢ जिसका उद्भेदन करते हुए सीतामढ़ी पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त 02 अपराधकर्मी 1. कौषिक कुमार उर्फ राजा बाबु एवं 2. राजकुमार सहनी को गिरफ्तार किया गया। ➢ रंगदारी में प्रयुक्त मोबाइल एवं सिम 01–01 बरामद किया गया।
10.	बक्सर / मुफ्फसिल थाना	➢ अवैध हथियार तस्करों के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई। ➢ दिनांक–29.10.2023 को मुफ्फसिल थानांतर्गत जासो गांव में दारा पाठक के घर भारी मात्रा में अवैध हथियार एवं कारतूस रखने की गुप्त सूचना पर छापामारी कर भारी मात्रा में अवैध हथियार एवं कारतूस के साथ 03 हथियार तस्कर 1. दारा पाठक 2. मृत्युंजय पाठक उर्फ पिंटु पाठक एवं 3. अभिमन्यु पाठक उर्फ छोटु पाठक को गिरफ्तार किया गया। ➢ छापामारी के क्रम में रायफल–03, एकनाली बंदुक देषी–01, रेगुलर गन बंदुक–01, पिस्टज मैगजीन के साथ–02, जिंदा कारतूस–111 एवं खोखा 75 बरामद किया गया।